हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 29 अगस्त 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 खाद लेने रात से ही लाइन लगा रहे हैं किसान...



08 वादों पर खरे नहीं उतर रहे कॉलोनाइजर कार्रवाई...



## खबर संक्षेप

### पुस्तक मेला में आज होंगे यह कार्यक्रम

**विदिशा।** विदिशा जिला मुख्यालय पर प्रशासन और एनबीटी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित पुस्तक मेला में हर रोज विविध गतिविधियों पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आज शुक्रवार को ऑडिटोरियम में कहानी सत्र - एक बार की बात की जानकारी दीपाली शुक्ला के द्वारा कक्षा एक से पांच तक के बच्चों को दी जाएगी। वहीं सुभाष व्याम के द्वारा सुबह 11 बजे से गोंड कला की गलियों में की विद्या से अवगत कराएंगे जिसमें कक्षा छटवीं से आठवीं तक के विद्यार्थी शामिल होंगे।

### जिला स्तरीय रोजगार सिरोंज में आज लगेगा

**विदिशा।** आज शुक्रवार 29 सुबह 11 बजे से लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज सिरोंज में जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक ने बताया कि रोजगार मेला स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले में रोजगार हेतु कंपनियों के स्टॉल लगाए जाएंगे। शासन की समस्त योजनाओं के संबंध में जानकारी दी जाएगी। उक्त कार्यक्रम में उपयुक्त दस्तावेज़ जैसे बायोडाटा (रिज्यूम), आधार कार्ड, शैक्षिणिक प्रमाण पत्रों की प्रतियां एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज आदि के साथ सम्मिलित होने वाले युवक-युवतियों को योग्यतानुसार कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के बाद चयनित कर ऑफर लेटर वितरित किए जाएंगे।

### मालाकार के उम्मीदवारों को प्रशिक्षण दिया गया

**विदिशा।** पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत शासकीय आईटीआई में मालाकार के 11 उम्मीदवारों का गुरुवार को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें जिला उद्योग केंद्र से प्रतिनिधि संचयी मानके द्वारा असेसमेंट किया गया है। प्रशिक्षण प्रभारी दीपक आचार्य एवं प्रभारी प्राचार्य आलोक रावत एवं स्किल नोडल अमरेश कुमार सिंह ने बताया कि शासकीय आईटीआई विदिशा में सभी 18 जाबरोल के विश्वकर्माओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। योजना के लाभार्थियों को उनके बैंक खातों में प्रशिक्षण भत्ता यात्रा भत्ता एवं लोन की राशि प्रदान की जाएगी।

### 613 युवाओं में से 357 ने की दौड़ पास


**विदिशा।** अग्निवीर सेना भर्ती के तहत गुरुवार को सातवें दिन विदिशा, भोपाल और रायसेन जिला के युवाओं ने अपना कौशल दिखाया। 701 उम्मीदवारों में से 613 उम्मीदवारों ने उपस्थिति दर्ज की। उम्मीदवारों ने एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करने में बहुत उत्साह और शारीरिक दृढ़ता दिखाई और जिसमे 357 युवाओं ने दौड़ पास की। इन दौड़ पास उम्मीदवारों को इस के बाद शारीरिक प्रवीणता, कागजी कार्यवाही और मेडिकल की प्रक्रिया से गुजरना होगा । जिला प्रशासन विदिशा और सेना भर्ती कार्यालय भोपाल के संयुक्त सहयोग से भर्ती प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है तथा युवाओं में इस रैली भर्ती के प्रति अपार उत्साह देखा जा रहा है। भारतीय सेना में चयन निष्पक्ष, पारदर्शी केवल योग्यता के आधार पर होती ।

### नगद इनाम की घोषणा

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी ने थाना सिरोंज के फरार आरोपियों की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले के लिए एक-एक हजार रुपए नगद इनाम देने की घोषणा की है। थाना सिरोंज में दर्ज अपराध प्रकरण के फरार आरोपियों में छत्तू उर्फ छतर सिंह पुत्र स्वर्गीय सरदार सिंह नायक, कल्लू पुत्र उजागर नायक, उजागर सिंह पुत्र सरदार सिंह नायक, राजमल पुत्र स्वर्गीय रामरतन शर्मा निवासीगण ग्राम गंगाखेड़ी थाना सिरोंज जिला विदिशा विदिशा की सूचना देने, गिरफ्तारी में मदद करने वाले के लिए एक-एक हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है।

## नए सभापतियों को चेंबर उपलब्ध कराने नपाध्यक्ष ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

# नपा अध्यक्ष की छवि को बिगाड़ने और अविश्वास प्रस्ताव लाने रचे गए सभी षड़यंत्र हुए नाकाम



विदिशा। सभापतियों के चैंबर खाली कराने और स्वीकृति बिना सीएमओ के अवकाश पर जाने की शिकायत करने पहुंचे।



विदिशा। संजय शॉपिंग कॉपलेक्स छत नीलाम करने में भ्रष्टाचार की शिकायत करते हुए पार्षदगण।

### प्रभारी सीएमओ से घंटों तक निवेदन करते रहे नए सभापति, फिर भी नहीं खोले चेंबरों के ताले

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने और उनकी छबि को खराब करने के लिए किए गए अब तक के सभी षड़यंत्र विफल साबित हुए हैं। अब संजय कॉम्पलेक्स की दुकानों की छत पर बनाई गई दुकानों का नियम विरुद्ध निर्माण बताकर नपाध्यक्ष पर आरोप लगाए जा रहे हैं।

गुरुवार को पार्षदों के दो गुट कलेक्टर के पास पहुंचे। एक गुट के पार्षद नपाध्यक्ष के समर्थन में पहुंचे तो दूसरे गुट के पार्षद नपाध्यक्ष की शिकायत लेकर कलेक्टर के पास पहुंचे और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इधर नपाध्यक्ष ने भी कलेक्टर अंशुल गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर पुराने सभापतियों से चेंबर खाली कराने की मांग की है। गुरुवार को नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने कलेक्टर अंशुल कुमार गुप्ता को ज्ञापन देकर पुराने सभापतियों से चेंबर खाली कराने की मांग की।

25 अगस्त को विधिवत नए चार सभापतियों को उनके विभाग सौंप गए। इन सभापतियों को चेंबर उपलब्ध कराने सभापतियों ने सीएमओ को आवेदन दिया, लेकिन पुराने सभापतियों द्वारा चेंबर खाली नहीं किए गए। वर्तमान में चेंबरों में ताले डले हुए हैं। गुरुवार को नव निर्वाचित सभापतियों ने प्रभारी सीएमओ रमेश वर्मा से घंटों तक निवेदन किया लेकिन चेंबरों के ताले नहीं खोले गए।

### 35 करोड़ की संपत्ति को 2.5 करोड़ रुपए में बेचने का लगाया आरोप

संजय शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की दुकानों की ऊपर की छत की जगह को नीलाम करने में मप्र नगरपालिका अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन कर 35 करोड़ रुपए की संपत्ति को 2.5 करोड़ रुपए में बचने का आरोप कुछ पार्षदों ने नपाध्यक्ष पर लगाए हैं। इस संबंध में गुरुवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि नपाध्यक्ष पति ने तात्कालीन पदाधिकारियों के साथ मिलीभगत कर बिना बाजार मूल्य निर्धारण के लिए बैठक आहूत कर परिषद के पदाधिकारियों से हस्ताक्षर करवाकर दुकानों की नीलामी कर नपा को आर्थिक क्षति पहुंचाकर करोड़ों रुपए का गबन किया है। भूतल के पट्टाधारियों को ही ऊपर की दुकान आवंटित की जाएंगी इस प्रकार का प्रस्ताव पारित किया गया है। यह बैठक 4 अगस्त को होने की बात ज्ञापन में कही गई है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि निविदा जारी करते समय एसएटीआई संस्था के पत्र के बिंदु क्रमांक चार के अनुसार इमारत की संरचनात्मकता एवं वैधता के संबंध में भी स्पष्ट अभिमत नहीं दिया गया। जिससे स्पष्ट होता है कि बिना तकनीकि मानक की पूर्ति के ही संलग्न पत्र में अंकित मार्गदर्शन को निविदा के शर्त क्रमांक 22 अनुसार क्रय कर्ताओं के ऊपर भारित कर नीलामी कर दी गई। जिसमें अध्यक्ष व उनके प्रतिनिधि राकेश शर्मा का षडयंत्र स्पष्ट प्रतीत होता है।

### एसडीएम और सीएमओ दोनों कर रहे इनकार.. तो फिर कौन कर रहा जांच?

नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा के खिलाफ किए जा रहे षडयंत्र की शुरूआत सीएमओ का चार्ज अनिल बढ़ुआ से ग्यारसपुर एसडीएम को दिलाने के साथ हुई। इसके बाद विधायक मुकेश टंडन की सिफारिश पर दुर्गेश सिंह ठाकुर को सीएमओ बनाया गया। इसके बाद एक खेमा नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी में जुट गया। लेकिन कोरम पूरा नहीं हो सका। क्योंकि 30 पार्षद एकजुट नहीं हो सके। इसके बाद नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा पर इस्तीफा देने के लिए दवाब बनाया गया, लेकिन ऐसा भी नहीं हो सका तो नपाध्यक्ष की छबि को नाकारात्मक बनाने प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से गुमनाम पत्र लिखकर प्रयास किए गए और नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा पर भ्रष्टाचार और कमीशन लेने के आरोपों भरा पत्र जगह जगह पहुंचाया गया। जिसकी जांच के लिए नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने एसपी को आवेदन भी दिया है। जब सारे षड़यंत्र विफल हो गए तो विधायक मुकेश टंडन और एसडीएम नपा कार्यालय पहुंच गए और इसी दौरान कर्मचारियों के मोबाइल छीन लिए गए और उनका डाटा निकलवाया गया। यह कहा गया कि नपाध्यक्ष के खिलाफ जांच की जा रही है। एसडीएम क्षितिज शर्मा और सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर से जब जांच के संबंध में जानकारी चाही गई तो दोनों ने ही इससे इनकार कर दिया। अब सवाल यह उठ रहा है कि जब दोनों ही अधिकारी जांच नहीं कर रहे हैं तो आखिर जांच चल कहां रही है। इसी तरह नपा में हुए कार्यों की जांच के लिए भी एक कमेटी जांच कर रही है लेकिन सभी पक्ष इस संबंध में जानकारी देने से मुकर रहे हैं। इधर विधायक मुकेश टंडन साफ कह देते हैं उन्हे नपा के झमेले से कोई लेना देना नहीं है।

### जिले में आज 4.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**विदिशा।** जिले की तहसीलों में स्थापित वर्षामापी यंत्रों पर गुरूवार 28 अगस्त की सुबह 8 बजे 4.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। गौरतलब हो कि विदिशा जिले की सामान्य वर्षा 1075.50 मिमी है। इस वर्ष अब तक 960.4 मिमी वर्षा दर्ज हो चुकी है जबकि गतवर्ष उक्त अवधि में 903.6 मिमी वर्षा हुई थी। गुरूवार 28 अगस्त को सर्वाधिक वर्षा सिरोंज तहसील में 29 मिमी और सबसे कम विदिशा में एक मिमी वर्षा दर्ज हुई है। इसके अलावा ग्यारसपुर में 12 मिमी तथा नटेरन तहसील में तीन मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इसके अलावा समस्त तहसीलो में वर्षा नगण्य रही।

### भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक आज

**विदिशा।** बलराम जयंती उत्सव को लेकर भारतीय किसान संघ जिला विदिशा की मासिक आज शुक्रवार दोपहर 1 बजे से मां वेत्रवती भवन ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला कार्यालय सरस्वती विद्या मंदिर केशव नगर कपूर गार्डन के सामने आयोजित की गई है। जिसमें प्रांत संगठन मंत्री भरत पटेल का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बैठक में जिले में निवासरत प्रदेश,प्रांत,संभाग के पदाधिकारी, तहसील अध्यक्ष एवं मंत्री, तहसील कार्यकारिणी तहसील सहित कार्यकर्ता अपेक्षित हैं।

### नेत्र शिविर में 84 लोगों ने कराई आंखों की जांच

**ग्यारसपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनन्दपुर के नेत्र चिकित्सक डॉ बृज शर्मा एवं अस्पताल के नेत्र सहायक ने 84 लोगों के नेत्रों की जांच कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव की जानकारी दी। नेत्र शिविर में 59 लोगों को निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया, 31 मरीजों का चश्में के नंबर की जाँच की गईं,वरिष्ठ समाजसेवी गणेशराम रघुवंशी, सुनील बाबू पिंगले ने ट्रस्ट के कार्यों की जानकारी दी और बताया की प्रत्येक वर्ष ट्रस्ट द्वारा 52 हजार से अधिक लोगों ऑपरेशन किये जाते है, उक्त शिविरों का संचालन रवि उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन मे किया जाता है। ग्यारसपुर के एडवोकेट राघवेंद्र शर्मा ने शिविर में सक्रिय रहकर सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर बीएमओ नथ्थी अहिरवार डॉक्टर टीएस मीना, कैंप प्रभारी देवेंद जोगी, मोहन सिंह जादौन आदि मौजूद रहे।

## दिगंबर जैन समाज का दशलक्षण पर्युषण महापर्व शुरू

### 10 दिन तक करेंगे व्रत और साधना घर का बना सात्विक भोजन ही करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



दिगंबर जैन समाज का दशलक्षण पर्युषण महापर्व आज से शुरू हो गया। शहर के सभी जैन मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल हुए। इनमें अभिषेक, शांति धारा और पूजन जैसे कार्यक्रम हुए।

**10 दिन 10 व्रतों का करेंगे पालन**

पर्व के पहले दिन श्रद्धालुओं ने उत्तम क्षमा व्रत का पालन किया। आने वाले दस दिनों में वे नौ और व्रतों का पालन करेंगे, जिनमें उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम सत्य, उत्तम शौच, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, उत्तम अकिंचन और उत्तम ब्रह्मचर्य शामिल हैं। इन व्रतों का जैन धर्म में विशेष महत्व है। समाज के पदाधिकारी पंकज जैन ने बताया कि यह महापर्व आत्मसंयम और आत्मकल्याण का प्रतीक है और 'जियो और जीने दो' का संदेश देता है। इस दौरान जैन धर्म के अनुयायी उपवास, साधना और व्रत करके आत्मसंयम का अभ्यास करेंगे।

वरिष्ठ पदाधिकारी निरंजन पाटनी ने बताया कि इन दिनों समाज के लोग बाहर का भोजन नहीं करेंगे। वे केवल घर का शुद्ध सात्विक भोजन ही ग्रहण करेंगे। सुबह मंदिरों में पूजा-अर्चना और ध्यान होगा, जबकि शाम को महाआरती, भक्तांबर पाठ और अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## पिछड़ा वर्ग को 14% से बढ़कर 27% आरक्षण देने की मांग कर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन



विदिशा। आरक्षण की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी सहित कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मप्र में ओबीसी आरक्षण का मुद्दा फिर से गरमा गया है। गुरुवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस का कहना है कि 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने ओबीसी आरक्षण 14% से बढ़ाकर 27% करने की घोषणा की थी।

इसके लिए विधानसभा में संशोधन अधिनियम पारित किया गया। हाईकोर्ट ने भी इस पर कोई रोक नहीं लगाई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जानबूझकर आरक्षण को लागू नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा बनाए गए कानून पर हाईकोर्ट की मंजूरी भी मिल चुकी है। कांग्रेस की मांग है कि प्रदेश में तत्काल 27% ओबीसी आरक्षण लागू किया जाए।

## कुरवाई थाने में तैनात पुलिस कांस्टेबल से 3.60 लाख ठगे

### टोल फ्री नंबर पर मिस कॉल की, दो ट्रांजेक्शन में उड़े पैसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कुरवाई थाने में तैनात कांस्टेबल गोपाल के बैंक खाते से साइबर ठगों ने 3.60 लाख रुपए निकाल लिए। ठगी की यह घटना 20 अगस्त की है। गोपाल बीना के रहने वाले हैं और बीना स्थित बंधन बैंक में उनका खाता है। वे बैंक एप से बैलेंस चेक कर रहे थे। पासवर्ड भूल जाने से एप लॉक हो गया। इसके बाद उन्होंने बैंक के टोल-फ्री नंबर पर मिस कॉल की।

**बिना ओटीपी और लिंक पर क्लिक किए उड़े पैसे**

आधे घंटे बाद उनके मोबाइल पर पैसे कटने के मैसेज आने लगे। पहले ट्रांजेक्शन में 1.99 लाख रुपए और दूसरे में 1.60 लाख रुपए ठगों ने उड़ा दिए। गोपाल का कहना है कि उन्होंने न तो किसी लिंक पर क्लिक किया और न ही ओटीपी शेयर की। पीड़ित ने बैंक से संपर्क किया। लेकिन बैंक कर्मियों ने कोई सहायता नहीं की।

इसके बाद उन्होंने साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज कराई है। गोपाल ने बताया कि घर की जिम्मेदारी उन पर है। उनकी पत्नी के नाम पर गोल्ड लोन है। वे मेहनत की कमाई से लोन चुकाकर जेवर छुड़ाना चाहते थे। लेकिन ठगों ने उनकी जमा पूंजी साफ कर दी।

### गणेश मंदिर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान



विदिशा। गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बाढ़ वाले गणेश मंदिर पहुंचे और आशीर्वाद लिया। इस दौरान उनके साथ पत्नी साधना सिंह मौजूद रहीं।

## गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने कलेक्टर कर रहे प्रयास

# दीपावली पर एक करोड़ गोमय दीपक निर्माण की पहल गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



विदिशा जिले की गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से इस वर्ष दीपावली पर्व के लिए एक करोड़ गौमय दीपक बनाने की अपेक्षा कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा सभी गौशालाओं से की गई है।

इसके लिए जिला प्रशासन और पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग द्वारा विशेष पहल को अंजाम देने की कवायद शुरू की गई है। विभाग के उप संचालक डॉ एन के शुक्ला ने बताया कि इच्छुक गौशाला संचालकों के लिए प्रशासन द्वारा प्रशिक्षण, कच्चा माल, मिश्रण तैयार करने का फार्मूला, दीपक निर्माण हेतु सांचे आदि की पूरी व्यवस्था की जाएगी।

साथ ही तैयार दीपकों के विक्रय एवं विपणन में सहयोग हेतु भी समुचित समन्वय किया जाएगा।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि यह पहल न केवल गौशालाओं की आय बढ़ाने में सहायक होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और स्वदेशी उत्पादों के प्रोत्साहन में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी।सभी इच्छुक गौशाला संचालकों से अनुरोध है कि वे अपनी सहमति शीघ्र उपलब्ध कराएं और बड़े पैमाने पर दीपक निर्माण के लिए अपने ग्रामध्ग्राम पंचायत के स्व-सहायता समूहों से संपर्क कर उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। इधर गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाने के प्रयास भी कलेक्टर द्वारा किए जा रहे हैं। कुछ गौशालाओं में इसकी शुरूआत भी हो चुकी है।

### गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

जिला प्रशासन एवं पशुपालन विभाग द्वारा जिले के सभी गौशाला संचालकों से अपील की गई है कि वे अपनी गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु स्वयं के आय के स्थायी स्त्रोत विकसित करें। केवल दान एवं सहयोग पर निर्भर रहने के स्थान पर गौशालाओं में उपलब्ध संसाधनों का सद्धुपयोग कर आय सृजन अनिवार्य रूप से किया जाए। विशेष रूप से गोबर एवं गौमूत्र से उपयोगी गौ-उत्पाद निर्माण करने पर बल दिया गया है, जिससे गौशालाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो और इनका संचालन दीर्घकालिक रूप से संभव हो सके।साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि गौशालाओं में प्रजनन योग्य गायों के लिए अलग से पौष्टिक आहार व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा उनका कृत्रिम अथवा प्राकृतिक गर्भाधान उन्नत नस्ल के नंदी से कराया जाए। इसका उद्देश्य यह है कि भविष्य में जन्म लेने वाली संतान किसानों के लिए उपयोगी सिद्ध हो और निराश्रित गायों की घर वापसी सुनिश्चित हो सके।



## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2900
उच्चतम भाव-3600
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-2550
उच्चतम भाव-2774
मालव शक्ति
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-2530
चना
न्यूनतम भाव-4810
उच्चतम भाव-6051
मसूर
न्यूनतम भाव-5340
उच्चतम भाव-6720
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-3370
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-4705
सरसों
न्यूनतम भाव-5600
उच्चतम भाव-8060
मूंग
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-7340
धान
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-2405
उड़द
न्यूनतम भाव-3500
उच्चतम भाव-6110
बटरी
न्यूनतम भाव-3450
उच्चतम भाव-4330
धनिया
न्यूनतम भाव-6010
उच्चतम भाव-6350
तुअर
न्यूनतम भाव-5100
उच्चतम भाव-5100

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 6970 बोरे उपज की आवक हुई।

# पुलिस ने 24 घंटे में बलात्कार का आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



त्योंदा पुलिस द्वारा बलात्कार के आरोपी सत्यम निवासी ग्राम मढ़देवरा को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में त्योंदा थाना प्रभारी बबीता सिंह चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम त्योंदा द्वारा त्वरित कार्रवाई कर थाना त्योंदा में धारा 74, 75(1)(iv), 296 ,115(2), 351(3) बीएनएस बढ़ाने धारा 64(2)(एम) बीएनएस के आरोपी सत्यम दाँगी को गिरफ्तार कर लिया है। दिनाँक 26.08.2025 को त्योंदा थानांतर्गत क्षेत्र निवासी फरियादिया उम्र 19 साल ने आरोपी सत्यम के विरूद्ध फरियादिया के वीडियो व फोटो दिखाकर उसकी मर्जी के विरूद्ध जबरदस्ती पीड़िता के घर में आकर कई बार बलात्कार करने एवं गाली गलौंज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिस पर थाना त्योंदा में धारा 74, 75(1)(iv), 296,115(2), 351(3) बीएनएस एवं धारा 64(2)(एम) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

विवेचना के दौरान पीडिता के न्यायालय में न्यायालयीन कथन कराए गए एवं गुरुवार को आरोपी सत्यम को त्योंदा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। जिसे न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। उक्त कार्रवाई में त्योंदा थाना प्रभारी बबीता सिंह चौधरी, रविन्द्र तोमर, सुभाष चंद्र अहिरवार, छविराम त्यागी, शिवम तोमर की विशेष भूमिका रही।

# पुलिया का चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पुराने बस स्टैंड पर त्योंदा रोड पुलिया सकरी होने के कारण मार्ग पर प्रतिदिन यातायात के चलते जाम की स्थिति निर्मित होती थी। आमजन की समस्या को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका द्वारा पुलिया के चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। शीघ्र ही यह पुलिया चौड़ी हो जाएगी और यातायात जाम होने की समस्या से नागरिकगण बच सकेंगे। गुरुवार को नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। यहां उल्लेखनीय है कि नपा द्वारा बरेठ रोड पर भावसार पुलिया और उसके आगे की पुलिया की चौडाई बढाकर सडक का चौडीकरण कर दिया है।

## सहकारी समितियों पर मांग के अनुरूप नहीं मिल रहा आवंटन

# खाद लेने रात से ही लाइन लगा रहे हैं किसान, भिदवासन में हुई मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा






इलाके में खाद की किल्लत दिन प्रतिदिन बढती ही जा रही है। खाद के लिए परेशान किसान जहां खाद दुकानों के बाहर रात से ही लाइन लगा रहे हैं। वहीं सोसायटियों में वितरण के समय मारपीट की भी नौबत आ रही है। ऐसी ही एक घटना को लेकर गुरूवार को सहकारी समिति प्रबंधकों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। वहीं कृषि विभाग का कहना है कि खरीफ सीजन में मांग से अधिक आवंटन और वितरण हो चुका है। जबकि रबी सीजन का आवंटन 1 सितंबर से शुरू हो जाएगा। इसलिए किसान खाद यूरिया के लिए ज्यादा परेशान न हों।

यहां उल्लेखनीय है कि इलाके में खरीफ सीजन की शुरूआत से ही खाद एवं यूरिया की किल्लत सामने आने लगी थी। ऐसे में कई बार प्रशासन और पुलिस को अपनी मौजूदगी में खाद का वितरण कराना पडा था। वहीं सहकारी समितियों के माध्यम से भी खाद यूरिया का वितरण चल रहा है, लेकिन मांग अधिक और आपूर्ति कम होने से किसानों की भीड बेकाबू होने लगती है। ऐसा ही गत दिवस ग्राम भिदवासन में हुआ। जहां खाद वितरण के समय समिति प्रबंधक तखत सिंह रघुवंशी के साथ गांव के ही वीरेन्द्र सिंह, महेन्दसिंह व नरेन्दसिंह ने मारपीट कर दी। जिसकी शिकायत त्योंदा थाने में दर्ज कराई गई है। साथ ही गुरूवार को समिति प्रबंधकों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की गिरफ्तारी करने और समितियों में मांग अनुरूप खाद आवंटन सुनिश्चित कराने की मांग की है।

उधर कृषि विभाग के एसएडीओ सूर्यभान सिंह थानेश्वर ने बताया कि खरीफ सीजन में डीएपी की 5000 मी टन की मांग थी और 5500 मी टन आवंटन हुआ, यूरिया की 4500 मी टन मांग पर 5500 मी टन आया, वहीं एनपीके 3500 मी टन की मांग पर 4000 मी टन आवंटित हुआ। इस तरह मांग से अधिक आवंटन एवं वितरण हुआ है। वहीं अब रबी सीजन के लिए 6500 मी टन डीएपी, 8000 मी टन यूरिया, 4500 मी टन एनपीके की मांग है औ यह आवंटन आगामी 1 सितंबर से आएगा और किसानों को वितरण किया जाने लगेगा। इसलिए किसान घबराएं नहीं, आगामी माह से किसानों को पर्याप्त खाद यूरिया उपलब्ध होने लगेगा। उन्होंने बताया कि तहसील से अन्य तहसीलों के किसान भी खाद यूरिया ले जाते हैं, जिसका असर यहां के किसानों पर पडता है।

# किसान संघ का प्रशिक्षण वर्ग संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

गत दिवस त्योंदा में भारतीय किसान संघ का तहसील स्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग संस्कृतिक भवन त्योंदा में आयोजित किया गया। जिसमें पांच सत्रों में ग्राम इकाई के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में संगठन की कार्य पद्धति, रीति-नीति, ग्राम समिति के नियमित कार्य और आंदोलन जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। उद्घाटन सत्र में प्रांत प्रचार प्रमुख राहुल धूत ने ग्राम समिति के कार्यों और किसानों को नीति रीतियों के बारे मे बताया। समापन सत्र में जिला अध्यक्ष प्रशांत जैन ने कार्यकर्ता निर्माण और किसानों को स्वावलंबी बनाकर राष्ट्र निर्माण की दिशा में कार्य करने पर मार्गदर्शन दिया। अन्य सत्रों में प्रांत मंत्री दिनेश बाबू दुबे, संभाग उपाध्यक्ष भगवान सिंह रघुवंशी और जिला मंत्री महेंद्र सिंह रघुवंशी ने संगठन की रीति-नीति पर प्रकाश डाला। जिला सहमंत्री रितेश जैन ने किसानों को मार्गदर्शन दिया जिसका मंच संचालन तहसील मंत्री माधव प्रसाद दुबे एवं आभार व्यक्त तहसील अध्यक्ष प्रीतम सिंह राजपूत ने किया। तहसील कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया। जिसमें युवा वाहिनी संयोजक शेर सिंह पटेल, सह मंत्री भूपेंद्र सिंह, सहजैविक प्रमुख ब्रजमोहन मीणा एवं तहसील सदस्य सत्येंद्र दांगी, विकेश विश्वकर्मा को सदस्य का दायित्व दिया गया एवं आगामी ज्ञापन देने की रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें 9 सितम्बर को किसान संघ द्वारा त्योंदा तहसील में ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया एवं 15 सितम्बर को भारतीय किसान संघ का ज्ञापन दिवस में अधिक से अधिक संख्या में विदिशा पहुंचने की अपील की गई। कार्यक्रम में लगभग 35 गांव के 150 कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। तहसील कार्यकारिणी के सभी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण इकाइयों के अध्यक्ष, जनपद सदस्य, अमित कुर्मी, भगवान सिंह जडिया, उपाध्यक्ष शरद शर्मा, उपाध्यक्ष नारायण सिंह, सह मंत्री विजय सिंह राजपूत, युवा वाहिनी संयोजक लक्ष्मण सिंह दांगी, कार्यालय मंत्री ज्ञान सिंह विश्वकर्मा, अनंत सिंह मीणा, जगदीश यादव, कचोरी लाल उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### आज धूमधाम से मनाई जाएगी बड़ी छठ

**गंज बासौदा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शुक्रवार को भादो मास की बड़ी छठ के अवसर पर श्री कालसेन भैरव बाबा मंदिर गांधी चौक पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सुबह 9 बजे विशेष पूजन भगवान सत्यनारायण कथा, दोपहर में महाआरती होगी। मंदिर पर बच्चों के मुंडन संस्कार भी होंगे।

### मच्छरों से परेशान

**गंजबासौदा।** इन दिनों पारासरी नदी किनारे के वार्डों एवं निचली बस्तियों में मच्छरों का प्रकोप बड़ गया है। जिससे यहां के रहवासियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शाम होते ही मच्छरों के झुण्ड घरों में घुसने लगते हैं। जिसके कारण लोग अपने घरों के गेट और खिड़कियां शाम होते ही बंद करने लगते हैं। यहां के रहवासियों ने नालियों एवं खाली प्लाटों में जमा पानी में नपा से मच्छर नाशक दवाई का छिड़काव कराए जाने की मांग की है।

### लक्ष्मण सिंह तहसील, शिवलाल बने नटेरन ब्लॉक अध्यक्ष



**गंजबासौदा।** गत दिवस अजाक्स संघ की बैठक आयोजित की गई। जिसकी शुरुआत जिला अध्यक्ष एल आर अहिरवार द्वारा महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष द्वारा की गई। बैठक में बताया कि गत दिवस प्रांतीय अजाक्स कार्यालय भोपाल का उद्धघाटन अनाधिकृत रूप से नियम विरुद्ध किया गया है क्योंकि कि प्रांतीय अध्यक्ष को लेकर वरिष्ठ न्यायालय में सुनवाई चल रही है उसका कोई फैसला नहीं हुआ है सोसाइटी फोरम ने चौधरी, मुकेश मौर्य को प्रांताध्यक्ष माना है। इस अनाधिकृत उद्धघाटन की जिला इकाई विदिशा घोर निन्दा करते हुए निंदा प्रस्ताव पारित करता है। तहसील अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह सूर्यवंशी व ब्लाक अध्यक्ष शिवलाल अहिरवार को नियुक्त किया गया। बैठक में मोहन मांडरे, शिवराज सिंह सूर्यवंशी, शतीस कुचेरिया, अनिल कुमार सूर्यवंशी, सनमान सिंह जाटव, कैलाश बाबू अहिरवार, कमल सिंह सुमन, लक्ष्मण सिंह सूर्यवंशी, शिवलाल अहिरवार, महेश कुमार अहिरवार, राजेन्द्र सिंह दोहरे, प्रदीप कुमार सूर्यवंशी, मोहन लाल अहिरवार आदि उपस्थित थे। संचालन मोहन मांडरे ने तथा आभार सनमान सिंह जाटव ने व्यक्त किया।

# सैंट एसआरएस स्कूल के बच्चे पहुंचे पुस्तक मेला में




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सैण्ट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों और शिक्षकों के दल ने विदिशा पहुंचकर पुस्तक मेले का भ्रमण किया। साथ ही मनुष्य जीवन में उपयोगी पुस्तकों की खरीदी भी की। पुस्तक मेले में महापुरुषों के जीवन पर आधारित उपलब्ध पुस्तकों की सूची तैयार की। ज्ञात हो कि विदिशा में कलेक्टर की पहल पर पुस्तक मेला आयोजित किया गया है, जिसमें जिले भर से विभिन्न शासकीय, अशासकीय स्कूलों के बच्चों और शिक्षकों को पुस्तक मेले में पहुंचने के लिए प्रेरित किया गया है। साथ ही स्कूलों के पुस्तकालयों में जरूरी, प्रेरक साहित्य खरीदकर वाचनालय में संग्रह के लिए भी कहा गया है, ताकि छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक परिवार भी लाभान्वित हो सके। इसी क्रम में गुरुवार को स्थानीय सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के 84 बच्चों के दल ने प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, शिक्षक कृष्ण पाल सिंह चौहान, गोविंद कुशवाहा, सोनू राय, अजय विश्वकर्मा एवं तोषी मैडम के नेतृत्व में पुस्तक मेले का भ्रमण किया। प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने बताया कि विदिशा में आयोजित पुस्तक मेले में अच्छा और प्रेरक साहित्य उपलब्ध है। जिससे कि नई पीढ़ी के बच्चे भी प्रेरित हो सकते हैं। विद्यालय की लायब्रेरी के लिए भी अच्छा, प्रेरक और मनोरंजक साहित्य खरीदा है। जिसे स्कूल के छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराया जाएगा।

# जनसुनवाई में पटवारी की शिकायत की

**गंजबासौदा।** भोपाल निवासी अंजली गुप्ता ने जनसुनवाई में कलेक्टर को पटवारी रविकांत पंथी की शिकायत की है कि उनकी कृषि भूमि बासौदा तहसील के ग्राम हरगनाखेडी में है। जिसकी देखरेख उनके देवर रविकांत गुप्ता करते हैं। प्रार्थिया के खेत से लगा हुआ 570/1 के कृषक ने अपने खेत में सीमांकन हेतु आवेदन किया था। जिसमें पटवारी द्वारा प्रार्थी को सूचना दी गई कि आपको दिनाँक 15 मई 25 को उपस्थित होना है। सीमांकन के समय जब प्रार्थिया के देवर रविकांत मौके पर पहुंचे तब पटवारी रविकांत कांत पंथी (वर्तमान में प्रभारी RI) ने रविकांत गुप्ता को मूल नक्शा बताया। तब उस मूल अक्स में पेंसिल से कच्ची बटान डाली थी। पटवारी द्वारा आ.क्र.570/1 को न नापकर प्रार्चिया की भूमि आक्र. 570/2 को नापकर गलत सीमांकन कर दिया।

उक्त बटान के प्रकरण अक्स की नकल प्राप्त हेतु आवेदन किया तथा जब में उक्त अक्स की नकल लेने पटवारी के पास गया तो उन्होंने कच्ची बटान को लाल स्याही से पक्की बटान कर दी थी। शिकायत में कहा गया है कि पटवारी द्वारा गलत तथ्य देकर गुमराह किया जा रहा है। आवेदन में प्रार्थिया ने उक्त मामले में निष्पक्ष जांच कर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

## उन्नति फाउंडेशन के द्वारा एक माह का कराया गया कोर्स

# एसजीएस में डेवलपमेंट कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में उन्नति फाउंडेशन, बैंगलोर द्वारा आयोजित एक माह के स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम के अंतर्गत इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स का समापन संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यार्थियों को इंग्लिश स्पीकिंग, रिज्यूम लेखन, इंटरव्यू स्किल, लाइफ स्किल्स और नैतिक मूल्यों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष रितुज एलिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के वैश्विक युग में अंग्रेजी भाषा केवल एक भाषा नहीं बल्कि एक आवश्यक कौशल है। यह अंतरराष्ट्रीय संचार का माध्यम है और विद्यार्थियों के लिए कैरियर निर्माण में एक महत्वपूर्ण उपकरण है। प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार ने अंग्रेजी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, अंग्रेजी आज हर क्षेत्र में सफलता की कुंजी है। यह न केवल नौकरी के अवसरों को बढ़ाती है, बल्कि व्यक्तित्व विकास और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा में भी मदद करती है। यह कोर्स हमारे विद्यार्थियों को अपने सपनों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक और अंग्रेजी की व्याख्याता डॉ. सुमन लता गुप्ता ने अपने संबोधन में बताया कि अंग्रेजी भाषा का ज्ञान आज अनिवार्य है, क्योंकि यह न केवल संवाद का माध्यम है, बल्कि विचारों को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने का साधन भी है। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. कंचन वैद्य ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर और रोजगारोन्मुखी बनाने की बात कही। उन्नति फाउंडेशन, बैंगलोर की ओर से नियुक्त प्रशिक्षक चेंज मेकर संतोष तिवारी ने अपने कोर्स के बारे में जानकारी देते हुए कहा, हमने इस कोर्स को इस तरह डिजाइन किया है कि विद्यार्थी न केवल अंग्रेजी बोलना सीखेंगे, बल्कि इंटरव्यू और पेशेवर संवाद में भी पारंगत होंगे। इस कोर्स के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और संचार कौशल का विकास हुआ है, जो उनके भविष्य के लिए लाभकारी होगा। हिमांशी दुबे, मानसी तिवारी, नमिता ,वंदना, धर्मेंद्र, अंजलि आदि ने प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। संचालन ऋतिक शर्मा, खुशी तिवारी ने एवं आभार डॉ. सबिहा मंसूरी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर कपिल शर्मा ,दीपक शर्मा, डॉ. बीके प्रजापति, डॉ विजय शाक्य, मनीष दुबे, शिवानी गौर, डॉ आर डी जाटव, डॉ जे पी मेहरा, डॉ पवन जैन सहित महाविद्यालयीन स्टॉफ सहित विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

### मनाई जयंती



**गंजबासौदा।** वाचनालाय पाठक संघ के तत्वावधान में मदर टेरेसा की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर दीपक तिवारी ने संचालन करते हुए उन्हें महान संत निरुपत किया। स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि मदर टेरेसा का जन्म 1910 में हुआ था। उन्होंने अपना पूरा जीवन गरीब एवं सर्वहारा वर्ग के लिए लगा दिया। उन्हें 1979 में नोबल पुरुस्कार मिला वहीं 1980 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया। वहीं उन्हें अनको सम्मान से नवाज़ा गया। पूर्व शिक्षक कैलाश नामदेव ने भी अपने विचार व्यक्त किये और उन्हें महान समाज सेवक बताया। अंत में आभार वरुण शिल्पकार ने व्यक्त किया।

# फलदार, छायादार इक्यावन पौधों का किया रोपण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस वनवासी कल्याण आश्रम ग्राम विकास आयाम एवं विधि एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण अभियान की शुरुआत करते हुए फलदार छायादार इक्कावन पौधों का रोपण किया गया। ग्राम दाऊद बासोदा में सीताराम ने इन पौधों के संरक्षण का दायित्व लिया। पौधारोपण ही नहीं बल्कि उनकी सुक्षा भी जरुरी है। वनवासी कल्याण आश्रम ग्राम विकास आयाम के प्रान्त प्रमुख ब्रजलाल ठाकरे द्वारा पौधा रोपणकर ग्राम आयाम के बिंदुओं पर विस्तार से जनसमुदाय के साथ सहयोगी चर्चा की गई। बालिका शिक्षा, पर्यावरण, महिला स्वयं सहायता समूह, खदान मजदूर् के लिए स्वास्थ्य जागरूकता के साथ आर्थिक विकास कैसे संभव हो, इन प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। विधि एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी के डायरेक्टर राजेश सिकरवार ने संस्था का परिचय देते हुए लगातार समन्वय बनाए रखने की बात कही। संस्था द्वारा नवाचार जल संग्रहण महिला समूहों का गठन की संरचना पर कार्य करने की सहमति दी गई। शाला प्रमुख नामदेव द्वारा ग्राम दाऊद बासौदा के लिए जो रिसर्च की जा रही है प्राकृतिक खेती को लाभकारी सिद्ध करने के लिए उसके संबंध में अपने अनुभव ग्रामीणों से साझा किए गए। एक दिवसीय कार्यक्रम में बीज बैंक बनाने के संदेश के साथ देशी सब्जी बीज का वितरण ग्रामीणों को निःशुल्क किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र तोमर आज सागर आएंगे

**सागर।** मध्य-प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर आज 29 अगस्त शुक्रवार को सागर प्रवास पर रहेंगे। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर दोपहर 1:30 बजे सागर पहुंचेंगे। सागर आगमन पर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन व जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी के साथ पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता मोतीनगर चौराहे भव्य स्वागत करेंगे। जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने सभी पार्टी पदाधिकारी जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओं से स्वागत कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की हैं।

### जिले में अब तक 984.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सागर।** सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 984.4 मि.मी. औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के रिकार्ड के अनुसार एक जून से आज तक देवरी केन्द्र पर सर्वाधिक 1297.7 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से आज तक सागर केन्द्र में 816.1 मि.मी., जैसीनगर में 997.3 मि.मी., राहतगढ़ में 1182.4 मि.मी., बीना में 918.2 मि.मी., खुरई में 1132.7 मि.मी, मालथौन में 908.3 मि.मी., बण्डा में 819.0 मि.मी, शाहगढ में 825.8 मि.मी, गढ़ाकोटा में 863.6 मि.मी, रहली में 847.3 मि.मी, देवरी में 1297.7 मि.मी. तथा केसली में 1204.1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।


### महापौर ने श्रीमती चौबे के निधन पर श्रद्धांजलि दी

**सागर।** महापौर संगीता सुशील तिवारी ने रविशंकर वार्ड निवासी स्व.पं. बलराम चौबे की धर्मपत्नी एवं पं. राम किशोर चौबे, पं. शिवकुमार, डॉ. नरेश, पं. राममनोहर, डॉ. श्याम मनोहर चौबे की माताजी राजदुलारी चौबे के निधन पर उनके निवास रविशंकर वार्ड पहुंचकर श्रद्धांजली दी व श्रद्धा सुमन अर्पित कर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

## एसडीओपी डाबर व टीआई राय की तेज तर्रार कार्यशैली का सिरोंजवासियों को लाभ

# 1.86 किलो ग्राम गांजा बरामद करके पुलिस ने तस्कर को किया गिरफ्तार








राजीव जैन सैनानी ▶▶ सिरोंज

शहर में काफी समय से पुलिस को लेकर तरह तरह की चर्चाए चल रही थी। शहर में चोरिया,यातायात व्यवस्था व अन्य क्राइम को लेकर अब कही जाकर रोकथाम लगी देखी जा रही है। जब से सिरोंज में पुलिस एसडीओपी सुश्री सोनू डाबर,थाना प्रभारी विमलेश राय ने अपना पदभार ग्रहण कर दोनो अधिकारियो की तेज तरराट कार्यशैली को लेकर शहर में जनचर्चा का विषय बना हुआ है।

उल्लेखनीय है कि पुलिस एसडीओपी सुश्री सोनू डाबर पूर्व में पेटलाबाद में पुलिस एसडीओपी के पद पर उन्होने जो कार्य किया और उस क्षेत्र में होने वाले क्राइम पर जो अंकुश लगाया था। तो वही उनकी कार्यशैली को लेकर आज भी वहा के नागरिक उनको याद करते है। वही कार्यशैली सिरोंज नगर में पुलिस कर्मचारियो पर कसावट शहर में काइम को लेकर सख्ती करना और आम नागरिको व पुलिस के बीच एक अच्छा संबंध स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है। इसी तरह थाना प्रभारी विमलेश राय पूर्व में विधानसभा चुनाव के समय सिरोंज में अपनी सेवाएं दे चुके है। उनकी कार्यशैली उस समय फिल्म सिंघम के हीरो वाजीराव सिंघम की तरह थी। विधानसभा चुनाव के समय जब कानूनी स्थिति बिगडती दिखी तो थाना प्रभारी विमलेश राय ने उस समय उस स्थिति को सिंघम की तरह अपना रोल अदा करते हुए कानून व्यवस्थाओ को ठीक किया। आज भी वही कार्यशैली सिरोंज क्षेत्र में चर्चित है जिससे कि आरोपियो में भी एक भय का माहौल देखा जा रहा है। इस समय पुलिस एसडीओपी सुश्री सोनू डाबर व थाना प्रभारी विमलेश राय युवा अधिकारी होने के साथ दोनो अधिकारियो की तेजतर्राट होने का फायदा सिरोंजवासियो को मिल रहा है।

### गांजा तस्कर को दबोचा

वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर सिरोंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया। इस मौके पर आरोपी से कुल 1.86 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 20 हजार रुपये बरामद किया गया। तो वही इस संबंध में अपराध क्रमांक 489/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्त के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिरोंज सुश्री सोनू डावर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विमलेश कुमार राय के नेतृत्व में गठित टीम ने इस कार्यवाही को अंजाम दिया और ग्राम पंचायत पथरिया के ग्राम इकलोद निवासी विनय कुशवाह को गिरफ्तार कर 1.86 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त किया। इसमें थाना प्रभारी विमलेश कुमार राय, उनि. स्मिता जैसवाल, उनि. आरके दोहरे, प्र.आर. राकेश शर्मा, प्र.आर. गोबिंद यादव, प्रियंका बघेल, शशांक पाठक, विष्णु तोमर, सचिन सोनी, विजय छावई, धन सिंह लोदी, गुलशन, मनीष, शैलेन्द्र राजपूत,रवि दांगी की अहम भूमिका रही।

## सिरोंज में तैयारियों जोरों पर

# 4 सितंबर को मप्र वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर पटेल आएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



मध्य प्रदेश वक्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त डॉक्टर सनवर पटेल 4 सितंबर को सिरोंज आ रहे है। इस मौके पर जामा मस्जिद प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर वसीम ने बताया कि वक्फ़ बोर्ड द्वारा आयोजित शिक्षा नीति पड़ों,पढ़ाओ राष्ट्र निर्माण मे भागीदार बनो योजना के तहत गरीब पात्र छात्र,छात्राओं को पढ़ाई के लिए जामा मस्जिद कमेटी द्वारा स्कॉलर शिप बांटी जायेगी। जो कार्यक्रम 4 सितंबर को दोपहर 1 बजे सुहाग मैरिज गार्डन में आयोजित किया जाएगा। तो वही उक्त कार्यक्रम में मध्य प्रदेश वक्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त डॉक्टर सनवर पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेगे। साथ ही छात्र, छात्राओं को स्कॉलर शिप के चेक और प्रमाण पत्र वितरित करेंगे। डॉ वसीम ने कहा कि जिन छात्र - छात्राओं का चयन हुआ है उनको कमेटी द्वारा सूचना दे दी गई है और जिन छात्र, छात्राओं ने पड़ों पढ़ाओ योजना के फार्म भरे थे। उनका चयन मेरिट के आधार पर हुआ है। कक्षा 10 मे कम से कम 65 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य और कक्षा 12 मे 70 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य था।

### कब्रस्तान, मसाजिद कमिटी, इमाम साहेबान से मुलाकात

मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर सनवर पटेल ने कहा कि जिला विदिशा के किसी भी तहसील के लोग कब्रस्तान,मस्जिद, मदरसों,कमेटियों से संबंधित कोई भी समस्या के लिए सुहाग गार्डन में उपस्थित होकर अपना लिखित आवेदन दे सकते है। जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर वसीम ने 4 सितंबर को सभी चयनित छात्र, छात्राओं एवं आम जन से इस प्रोग्राम में उपस्थित होने की अपील की है। यह प्रोग्राम पहला ऐसा प्रोग्राम होगा जिसने वक्फ़ बोर्ड द्वारा वाकिफ की मंशा अनुसार तालीम, शिक्षा पर कोई नीति बनी और उस नीति पर अमल किया जा रहा है। इस प्रोग्राम से लोगों को सीख कर वक्फ़ के लिए ज्यादा से ज्यादा काम करना चाहिए। ताकि हमारे बच्चे बच्चियां, अच्छी शिक्षा हासिल करके राष्ट्र निर्माण मे भागीदार बन सके।

# गणेश अथॉई पर धार्मिक भक्ति-भाव से शुभ मुहूर्त में विराजित हुई श्रीगणेश की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

परंपरानुसार इस वर्ष भी श्री गणेश जन्मोत्सव समिति द्वारा श्री गणेश जन्मोत्सव समारोह उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। इस अवसर पर समिति द्वारा श्री गणेश मंदिर गणेश की अथॉई पर बुधवार को धार्मिक भक्ति-भाव एवं गाजे-बाजे के साथ विशेष शुभ मुहूर्त में मंदिर परिसर में बने आकर्षक पांडाल में श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित हुई। इस अवसर पर प्राचीन गणेश मंदिर में विराजित श्री गणेश का भी अभिषेक कर आकर्षक श्रृंगार पूजन एवं आरती कर प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने उपस्थित होकर



भगवान गणेश जी की पूजा अर्चना कर आरती की एवं क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की।

**गणपति स्थापना के साथ हुआ ग्यारह दिवसीय आयोजनों का शुभारंभ** - इस अवसर पर श्री गणपति स्थापना के साथ ही गणेश उत्सव समिति द्वारा आयोजित ग्यारह दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों का भी शुभारंभ हो गया। इस मौके पर दोपहर में वैदिक मंत्रोच्चारों के साथ श्री गणपति स्थापना, पंचामृत से जन्माभिषेक पूजन-आरती एवं दुर्वा सहस्त्रार्चन कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में समिति के सदस्य एवं नगर के धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित थे।

# गणेश चतुर्थी के मौके पर नपा ने कराया पीएम आवास के हितग्राहियों का कराया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

श्री गणेश चतुर्थी के पवित्र मौके पर मध्यप्रदेश सरकार की मंशानुरूप स्थानीय नगरपालिका परिषद द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अपना पक्का आवास बनाकर पूर्ण कर चुके हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया गया।

इस अवसर पर नपाध्यक्ष मनमोहन साहू अपने साथी पार्षदों तथा नपा अधिकारियों के साथ वार्ड क्रमांक दो एवं अठारह के चयनित हितग्राहियों के निवास पर पहुंचे। इस दौरान नपा प्रबंधन ने 17 हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया। गृह प्रवेश के लिए इन आवासों को आकर्षक रूप



से सजाया गया था। इस मौके पर हितग्राही का सम्मान करते हुए परिषद के सदस्यों ने फीता काटकर परिवार का गृह प्रवेश कराया तथा मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस दौरान हितग्राहियों ने आवास की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री मोहन यादव तथा विधायक उमाकांत शर्मा का आभार भी व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों से हमारा परिवार कच्चे मकान में रहता था। हमारी हैसियत ही नहीं थी कि हम कभी पक्का मकान बना पाते लेकिन भाजपा सरकार ने सभी वर्गों के नागरिकों को बगैर किसी भेदभाव के सबको मकान की योजना से लाभान्वित किया है। उल्लेखनीय हे कि विधायक उमाकांत शर्मा के प्रयासों से विगत वर्षों के स्वीकृत डीपीआर में 3240 आवास स्वीकृत किए गए थे। जिसमें से 2682 आवास बनकर पूर्ण हो चुके हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नपा उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, पार्षद सचिन शर्मा, बलजीत यादव, जयनारायण सेन, टीकाराम शाक्य, नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू, स्वच्छता अधिकारी धीरज मैना, ज्योति दुबे, अनुराग ठाकुर, मयंक व्यास सहित हितग्राही परिवारों के नागरिक गण मौजूद रहे।

# सरपंच के प्रयास से फिर हुआ रोड रिपेयरिंग का कार्य प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुलाबगंज

पिछले कई दिनों से हॉस्पिटल रोड चर्चा का विषय बना हुआ था। सोशल मीडिया, व्हाट्सएप ग्रुप सभी जगह लोग स्थानीय जनप्रतिनिधि को जिम्मेदार ठहराने में लगे हुए थे।

स्थानीय सरपंच पूजा घावरी से जब हमारे संवाददाता की चर्चा हुई तो उन्होंने बताया कि दरअसल जब गर्मी का मौसम नजदीक था और नल जल योजना को चलाने के लिए नई पाइप लाइन जल निगम के द्वारा डाली जा रही थी तब जल्दबाजी में जल निगम के ठेकेदार कैलाश शेखावत ने पाइप लाइन डाल के रोड को ऐसे ही खुदा ही छोड़ दिया था। क्योंकि आगे चलकर फिर से पाइप लाइन डाली जानी है। जिससे घर घर जल पहुंचेगा परंतु पाइप लाइन डालने में देरी के कारण लोगों को असुविधाओं का सामना करना पड़ा। जनता ने जनप्रतिनिधि को जिम्मेदार समझा परन्तु इसमें पूरा दोष जल निगम था। उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा अनेकों बार संपर्क किया बार-बार निवेदन के बाद गुरुवार को रोड रिपेयरिंग का कार्य शुरू हो पाया है। क्योंकि गणेश उत्सव चल ही रहा है। आगे चलकर दुर्गा उत्सव आने वाला है। माता बहनें पैदल मंदिर जाती हैं। उनको परेशानी को उसके देखते हुए मेरे द्वारा सभी उच्च अधिकारियों से बात करके रोड रिपेयरिंग का कार्य प्रारंभ कराया गया।

# अमृता देवी बलिदान दिवस के रूप में मनाया पर्यावरण दिवस, लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

अगस्त गुरुवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण केन्द्र(डाइट) परिसर में पौधारोपण किया गया। जिसमें भारतीय मजदूर संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुनील किरवई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

उन्होंने सभी को मार्गदर्शित करते हुए कहा कि पर्यावरण आज प्रदूषित होता जा रहा है इससे सृष्टि को खतरा है इसका प्रभाव (दुष्प्रभाव) सर्वत्र दिखाई दे रहा है। भोग प्रधान पश्चात्य संस्कृति और सभ्यता के कारण ही सुंदर सृष्टि प्रदूषित हो गई है हम यह अनुभव कर रहे हैं कि वर्तमान विकास की अवधारणा हमें कालांतर में विनाश की ओर ले जाने वाली है आज पर्यावरण आधारित विकास का मॉडल सोचना होगा। मनुष्य ही अपनी वासनाओं की पूर्ति के लिए पर्यावरण खराब करता है। इस धरती पर मानव मात्र 0.1% है जो 99 .99% प्रकृति को खराब कर रहा है। आज सारा विश्व इस समस्या से जूझ रहा है हम कह तो रहे हैं कि हमें पर्यावरण का रक्षण करना चाहिए परंतु प्रश्न यह उठता है कि कौन किसकी रक्षा कर रहा है प्रकृति हमारी या हम प्रकृति की? इस सृष्टि का सबसे बुद्धिमान प्राणी मनुष्य ही है और विनाश के लिए करणीभूत भी वही है। इन समस्याओं का समाधान क्या है? कुटीर उद्योगों शिल्पों को बढ़ावा देना, गौ सेवा गौ संपदा का विकास, गौ आधारित कृषि को बढ़ावा, व्यापक वृक्षारोपण जन संरक्षण, प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का उपयोग बंद हो, वाहनों के आवश्यक उपयोग पर संयम रखें. ग्रामीण संस्कृति सभ्यता का आदर सम्मान हो, जीवन में संयम अनुशासन और परिवार को संस्कारित करना, यथा संभव हमारी पारिवारिक सांस्कृतिक जीवन शैली का पालन करना, पेड़ों का संरक्षण एवं संवर्धन पानी का संरक्षण।

विशिष्ट अतिथि भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख महेंद्र सोनी ने कहा कि सन 1730 में राजस्थान के जोधपुर के महाराज ने अपना महल बनवाने के लिए खेजड़ी के पेड़ काटने का आदेश दिया था ग्राम खेजड़ी की अमृता देवी विशनोई ने अपनी तीन पुत्रियों सहित 363 महिलाओं को लेकर पेड़ काटने का विरोध किया और पेड़ों से चिपक कर खड़ी हो गई थी राजा के कर्मचारियों ने 363 महिलाओं सहित अमृता देवी और उनकी तीनों पुत्रियों को भी काट डाला यह घटना 28 अगस्त 1730 की है पूरे विश्व में यह वन वृक्ष पर्यावरण संरक्षण हेतु किया गया पहला बलिदान है। 28 अगस्त को भारतीय मजदूर संघ पूरे देश में इसे राष्ट्रीय राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के रूप में मनाता है।

विशेष अतिथि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण केंद्र के प्राचार्य जी पी राठी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि मैं भारतीय मजदूर संघ की कार्यशैली से बड़ा प्रभावित हुआ भारतीय मजदूर संघ ने जिस तरह पर्यावरण को इतना महत्व देकर हमारे परिसर में वृक्षारोपण किया उसका मैं सदैव आभारी रहूंगा एवं भारतीय मजदूर संघ के सभी पदाधिकारियों से आग्रह करता हूं जब भी कभी इस प्रकार के सामाजिक कार्य के लिए मेरी आवश्यकता पड़ती है तो मैं हमेशा तत्पर रहूंगा।

# स्मार्ट मीटर से आ रहे भारी बिलों का विरोध, तहसीलदार को दिया ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

हैदरगढ़ कस्बे के ग्रामीणों ने स्मार्ट मीटर से आ रहे भारी-भरकम बिजली बिलों को लेकर गुरुवार को एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार राजेंद्र सेन को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि जब से उनके घरों में स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, तभी से बिजली बिल असामान्य रूप से बढ़ गए हैं। पहले पुराने मीटरों से सही रीडिंग के अनुसार बिल आता था, लेकिन अब पिछले दो माह से किसी का 3 हजार तो किसी का 10 हजार तक बिल आ रहा है। गरीब परिवारों के सामने अपने बच्चों का पेट भरना मुश्किल हो रहा है या भारी-भरकम बिल जमा करना। ग्रामीणों ने बताया कि जैसे ही बिल 5 हजार से अधिक हो जाता है, अपने आप बिजली कट जाती है, जिससे परिवार अंधेरे में रहने को मजबूर हो जाते हैं और बच्चे मच्छर-मक्खियों के बीच परेशान होते हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि स्मार्ट मीटरों की जांच कर सही बिलिंग की जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने मजबूर होंगे।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवीन करोसिया निवासी वार्ड नं. 2. टीलापुरा बैरसिया तहसील बैरसिया जिला भोपाल म.प्र. द्वारा मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा से लोन प्राप्त करने हेतू आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें उनके द्वारा श्रीमति आशाबाई पत्नि श्री किशोर कुमार करोसिया निवासी वार्ड नं. 2, टीलापुरा बैरसिया तहसील बैरसिया जिला भोपाल म.प्र. एवं श्री किशोर कुमार करोसिया पुत्र श्री मुन्नालाल निवासी वार्ड नं. 2, टीलापुरा बैरसिया तहसील बैरसिया जिला भोपाल म.प्र. के स्वामित्व आधिपत्य के मकान/प्लॉट जो पटवारी हल्का नं. 111/24, वार्ड नं. 2, टीलापुरा बैरसिया तहसील बैरसिया जिला भोपाल म.प्र. 1398 वर्गफिट जिसकी चतुर सीमाएं निम्न है पूर्व मे- सरकारी रोड़, पश्चिम में- मकान राजू कुशवाह, उत्तर में- मकान विजय, दक्षिण मे- मंदिर फेंसिंग है उक्त सम्पत्ति श्री किशोर कुमार करोसिया पुत्र श्री मुन्नालाल निवासी वार्ड नं. 2, टीलापुरा बैरसिया तहसील बैरसिया जिला भोपाल म.प्र. से ई सहस्वामित्व पत्र क्रमांक MP43IGR16012025A100611553 दिनांक 15-07-2025 के माध्यम से श्रीमति आशाबाई पत्नि श्री किशोर कुमार करोसिया निवासी वार्ड नं. 2. टीलापुरा बैरसिया तहसील बैरसिया जिला भोपाल म.प्र. ने प्राप्त की थी जिस पर श्रीमति आशाबाई पत्नि श्री किशोर कुमार करोसिया निवासी वार्ड नं. 2, टीलापुरा बैरसिया तहसील बैरसिया जिला भोपाल म.प्र. एवं श्री किशोर कुमार करोसिया पुत्र श्री मुन्नालाल निवासी वार्ड नं. 2, टीलापुरा बैरसिया तहसील बैरसिया जिला भोपाल म.प्र. का स्वामित्व एवं आधिपत्य उनके द्वारा उक्त मकान/प्लॉट पर लोन प्राप्त करने हेतु मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा मे आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं उक्त मकान पर किसी व्यक्ति या संस्था का किसी प्रकार का हक या आपत्ति हो तो वह उक्त सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय स्थित गोपाल कॉम्प्लेक्स, जिला सत्र न्यायालय के सामने, राजीवनगर, विदिशा, जिला विदिशा, म.प्र. में आकर आपत्ति दर्ज करायें ऐसा ना करने की दशा मैं मेरा पक्षकार कम्पनी उक्त संम्पत्ति पर लोन प्रदान करने अग्रसर होगी समयावधि के बाद किसी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

भवदीय **आशीष श्रीवास्तव** एडवोकेट
गोपाल कॉम्प्लेक्स, जिला सत्र न्यायालय के सामने, राजीवनगर, विदिशा, जिला विदिशा, म.प्र. मो. 9685965100

**राष्ट्रीय खेल दिवस पर विशेष:** विदिशा के बच्चों को नेशनल लेवल तक पहुंचाने कर रहे जी तोड़ मेहनत

# 5 वर्ष की उम्र से ताइक्वांडो शुरू किया, 700 बच्चों को सिखा चुके, 250 बच्चे नेशनल लेवल तक पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

राष्ट्रीय खेल दिवस पर आपको ऐसे शख्स से परिजन कराने जा रहे हैं




जिन्होंने अब तक कई खिलाड़ियों को नेशनल लेवल तक पहुंचा दिया। जिनका नाम है। विकास थापा। जो 5 वर्ष की उम्र से ताइक्वांडो खेल रहे हैं। वर्तमान में ब्लैक बेल्ट फोर्थ 10 हैं। अभी तक वह गोल्ड 4, सिल्वर और 6 ब्राउंज मैडल जीत चुके हैं। वह अब तक जूनियर, सब जूनियर और सीनियर ग्रुप में खेले चुके हैं।

विकास थापा नेशनल ताइक्वांडो बैंगलोर गोवा विशाखापट्टनम, केरल, पांडिचेरी लखनऊ आदि जगहों पर खेले हैं। स्टेट में इनको 25 बार गोल्ड मेडल मिला है। वर्तमान में यह ताइक्वांडो कोच हैं और पिछले 10 वर्षों से बच्चों को ताइक्वांडो सीखा रहे हैं। अभी तक लगभग 700 से ज्यादा बच्चों को ताइक्वांडो सिखा चुके हैं। जिनमें से 250 से ज्यादा बच्चे नेशनल तक पहुंचे। बाकी बच्चे स्टेट लेवल पर खेल रहे हैं। विकास थापा द्वारा सिखाए हुए अधिकतम बच्चों को स्टेट में गोल्ड मेडल मिला है। विकास थापा वर्तमान में पुलिस ताइक्वांडो क्लब में बच्चों को ताइक्वांडो सीखते हैं।

वर्तमान में उनके चार बैच लगते हैं जिनमें 250 बच्चे इनसे निशुल्क ताइक्वांडो सीख रहे हैं। थापा केंद्रीय विद्यालय में स्पोर्ट्स टीचर के तौर पर कार्यरत हैं। इनके द्वारा ताइक्वांडो सीखे बच्चों में से हर वर्ष 5 बच्चे भोपाल खेल अकादमी में सिलेक्ट होते हैं। इस अकादमी में सेलेक्ट हुए बच्चों का रहना, खाना, पीना, सब कुछ भोपाल खेल अकादमी की तरफ से रहता है। वर्ष 2025 में विकास थापा द्वारा सीखे हुए बच्चे नेशनल खेलकर आए हैं। जिनको गोल्ड मेडल मिला है। उनमें सिद्धांत, शुभम यादव, किंजल, श्रेया शाक्य, आर्य दीक्षित, आयुष्मान, अभय डोंगर, शिव द्विवेदी शामिल हैं। जिनको नेशनल में गोल्ड मेडल मिला है। सिद्धांत एशियाई गेम्स के ट्रायल में शामिल हुए। विदिशा जिले से उनके गुरु दिलीप सिंह थापा जो कि पुलिस ताइक्वांडो क्लब के संचालक हैं वह भी ब्लैक बेल्ट हैं। इनको मध्य प्रदेश शासन खेल विभाग द्वारा विश्वामित्र अवार्ड मिल चुका है। उन्हे ताइक्वांडो सिखाते हुए लगभग 40 वर्ष से अधिक समय हो गया है। यह वर्तमान में मध्यप्रदेश ताइक्वांडो संघ के सेक्रेटरी हैं। इनके द्वारा सीखे हुए छात्र राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल रहे हैं। इनके द्वारा सीखे हुए छात्रों को एकलव्य और विक्रम अवार्ड प्राप्त हो चुके हैं। कई छात्र पुलिस सीआरपीएफ खेल एवं शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं। दिलीप सिंह थापा वर्तमान में पुलिस विभाग में सिपाही हैं।

### प्रताप सिंह बने समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**विदिशा।** हाल ही में खंगार क्षत्रिय समाज सेवा विकास संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश खंगार ने कार्यकारिणी की घोषणा हुई। जिसमें विदिशा से भाजपा के पूर्व सांसद प्रतिनिधि एवं



वर्तमान में समाज के जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह राय कोटरा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर समाज में खुशी की लहर है। नियुक्त पर रघुवीर सिंह, जिला पंचायत सदस्य तखत सिंह राय, सरपंच राजेश राय, सरपंच रामसरुप राय कस्वाखेड़ी, प्रीतम सिंह राय, हेत सिंह राय, वीर सिंह परिहार बासौदा, ग्यारसी लाल राय, जगन्नाथ सिंह परिहार, बलवीर सिंह राय, विश्वनाथ परिहार का खामखेड़ा, खुमान सिंह राय करई, बैजनाथ सिंह राय कोटरा, कमल सिंह परिहार बासौदा,राम कृष्ण राय दास खजूरी, नारायण सिंह परिहार आदि ने बधाई दी है।

### विकास तिवारी बने आऊटसोर्स कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष

**रहली।** विकासखंड में शिक्षा विभाग में आउटसोर्स पर कार्यरत विकास तिवारी को सागर जिले में आल विभाग आउट सोर्स कर्मचारी संघ का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर कर्मचारियों ने बधाई दी हे। बधाई देने वालों में विक्रम ठाकुर, रोहित ठाकुर, सोमेश तिवारी शाश्वत तिवारी, बृजेश दीक्षित आदि हैं।

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित रूसिया**

पंजीयन क्रमांक 14 दिनांक : 30/06/1966 — दिनांक 27.08.2025

**वार्षिक आमसभा सूचना**


बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित रूसिया के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति रूसिया में 57वीं साधारण सभा दिन बुधवार दिनांक 17-09-25 को दोपहर 01.00 बजे से स्थान गोडाउन भवन ग्राम रूसिया में आयोजित की गई हैं। गणपूर्ति ( कोरम ) के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर आधा घण्टे पश्चात होगी। जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नही होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**हल्कूसिंह राजपूत**
समिति प्रबंधक, रूसिया

**नितिन श्रीराव**
प्रशासक, रूसिया

## खबर संक्षेप

### चौकी के सामने अनियंत्रित होकर कार पेड़ से टकराई



**दीवानगंज।** बुधवार देर रात एक कार पुरानी चौकी दीवानगंज के सामने अनियंत्रित होते हुए पेड़ से जा टकराई। जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात भोपाल से विदिशा की तरफ जा रही कार क्रमांक एमपी 16 सीबी 7907 जैसे ही पुरानी चौकी दीवानगंज के सामने पहुंची तो गड्ढे और जानवर को बचाने के चक्कर में कार ड्राइवर ने कार रॉन्ग साइड मोड़ दी, जिससे कार अनियंत्रित होते हुए रोड से नीचे 5 फीट गहरी खाई में उतरते हुए खेत में लगे तार और पत्थर के दो चिरे को तोड़ते हुए पेड़ से जा टकराई। जिससे कार आगे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। कार में दो लोग सवार थे जिनको मामूली चोट आई है। बता दें कि भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर दुर्घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है बल्कि 3 महीने में ही 80 दुर्घटना से ज्यादा हो चुकी है जिनमें 80 से ज्यादा राहगीर घायल हुए तो वही तीन लोगों की मौत भी हो चुकी है।

### मोटरसाइकिल सहित 6 पेटी देशी शराब जब्त



**बरेली।** क्षेत्र में अवैध शराब परिवहन बिक्री और निर्माण को लेकर आबकारी विभाग के द्वारा चलाए जाने वाले अभियान के तहत 28 अगस्त को मुखबिर की सूचना पर आबकारी विभाग ने बरेली खरगोन के बीच नहर के पास से मोटरसाइकिल से 6 पेटी देशी शराब का परिवहन करते हुए कार्यवाही की है। इस दौरान आरोपी बाइक छोड़कर फरार होने में कामयाब हो गया। इस संबंध में आबकारी एसआई राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि कार्यवाही के दौरान बिना नंबर की बाइक जिस पर दो झोलों में 6 पेटी देशी शराब जप्त की है। अमले को देखते आरोपी बाइक छोड़कर फरार होने में कामयाब हो गया। साथ ही ग्राम छवारा में आरोपी रमेश रघुवंशी को 20 पाव देशी और ग्राम गुरारिया में मथुरा प्रसाद को 18 पाव देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही में कुल 3 प्रकरणों में जब्त 8 पाव देशी मसाला एवं बाइक बाजार मूल्य 85208 रूपये आंकी गई है।

### अपर सचिव ने की नल जल योजना की समीक्षा

**रायसेन।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अपर सचिव एवं मिशन निदेशक कमल किशोर सोन द्वारा गुरुवार को जल जीवन मिशन की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा की गई। जिले में जल जीवन मिशन के तहत संचालित कार्यों की जानकारी देते हुए कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने बताया कि जिले में स्वीकृत एकल नल जल योजनाओं में 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। जिले में दिसंबर 2025 तक सभी एकल नल जल योजनाओं का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण हो जाएगा। इसी प्रकार जिले में स्वीकृत समूह नल जल योजनाएं भी माह जून 2026 तक पूर्ण हो जाएगीं।

---

सड़क, बिजली एवं पानी सहित मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे रहवासी

# वादों पर खरे नहीं उतर रहे कॉलोनाइजर कार्रवाई सिर्फ नोटिस तक ही रही सीमित

## सुविधाओं का लालच देकर कॉलोनाइजरों ने बेचे थे प्लॉट, अब शर्तें गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कॉलोनाइजरों के खिलाफ जिला प्रशासन एक्शन मोड पर है। हाल ही में जिले के मंडीदीप गौहरगंज और सुल्तानपुर में कॉलोनाइजरों के खिलाफ नोटिस जारी करके सुल्तानपुर में सिंचाई विभाग की जमीन पर बनाए गए सड़क को जेसीबी मशीन से उखाड़ने की भी कार्रवाई की गई है। जिससे अवैध रूप से कार्य करने वाले कालोनाइजरों में हड़कंप मचा हुआ है। रायसेन में भी 57 अवैध कॉलोनियों को सरकार की मंशानुरूप करने की कार्रवाई फिलहाल ठंडे बस्ते में है। हालांकि नगर पालिका द्वारा इन कॉलोनियों का सर्वे करके फाइल नपा में लंबित है। कार्य की गति कछुआ चाल से चल रही यह कार्रवाई अभी तक धरातल पर नहीं आ पाई है।

बताया गया कि जिले की तहसील सुल्तानपुर, मंडीदीप औद्योगिक नगरी के 17 कॉलोनाइजरों द्वारा अवैध तरीके से कृषि भूमि में प्लाट काटकर महंगे दामों में बेचे गए हैं, लेकिन सुविधा नहीं दी गई। इसके लिए कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा के आदेश पर नगर एवं ग्राम निवेश अधिनियम के तहत कार्रवाई की। जवाब के लिए जून में पहला नोटिस, जुलाई में दूसरा नोटिस और अगस्त में अंतिम नोटिस जारी किया गया है। अवैध कॉलोनाइजरों द्वारा जवाब नहीं आने पर कार्रवाई की जाएगी।

### वादे से मुकर रहे कॉलोनाइजर

रायसेन शहर सहित जिले में कई कॉलोनाइजरों ने ग्राहकों को सर्वसुविधा का लालच देकर अवैध प्लॉट बेचे हैं और अब वे किए गए वादों से मुकर रहे हैं। जिससे खरीददार कालोनियों में मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। प्रशासन ने ऐसे मामलों की जांच की और अवैध कॉलोनियों का सर्वे कराकर सूची सार्वजनिक की हैं। जिसमें मंडीदीप सुल्तानपुर गौहरगंज गैरतगंज में कांग्रेस और भाजपा के पदाधिकारियों के नाम भी आए हैं। इन एरिया की जमीन की रजिस्ट्री और नामांतरण पर रोक लगा दी गई है। उनके खिलाफ तीन बार नोटिस जारी किए गए, लेकिन कार्रवाई स्थिर होने से प्लाट खरीदने वालों की चिंता बढ़ गई है।

नगर पालिका क्षेत्र में डेढ़ दर्जन के करीब वैध कॉलोनी संचालित हो रही हैं। अवैध कॉलोनियों के साथ वैध कालोनियों में प्लॉटिंग की गई है।

रायसेन शहर के चोपड़ा मोहल्ला संजय नगर के सामने भुजरिया तालाब सहित बम्होरी, पठारी के नजदीक सागर रोड़, खुनखुन वाले बाग, सागर टोल टैक्स नाके, पाटनदेव खरबई, वनगवां, पैमत के बीच और शांति नगर कॉलोनी मऊ पथरई रोड अन्य क्षेत्रों में भी अवैध कॉलोनियों का मकड़जाल फैला हुआ है।

रायसेन सीमा क्षेत्र में करीब डेढ़ दर्जन अवैध कॉलोनाइजरों पर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए पहले भी दो-दो बार नोटिस जारी किए गए हैं, लेकिन नोटिसों का जवाब नहीं दिया जा रहा है।

इसको लेकर जिला प्रशासन एक बार फिर एक्शन मोड पर है, जिससे अवैध कॉलोनाइजरों की धड़कनें बढ़ गई हैं। इधर इन अवैध कालोनियों में प्लॉट खरीदने वाले असमंजस में है। ग्लोबल स्कूल के समीप कॉलोनी, चौबे कॉलोनी, सुल्तानपुर नहर किनारे वाली कॉलोनी अवैध बताई जा रही है। लेकिन फिर भी यहां कॉलोनाइजरों द्वारा प्लाटिंग धड़ल्ले से की जा रही है। बेरोक टोक इन कॉलोनीयों में प्लाट खरीदने वाले सस्ते प्लॉट खरीद कर ठगे जा रहे हैं।क्योंकि यहां अभी तक कालोनाइजरों द्वारा मूलभूत सुविधाएं मुहैया नहीं कराई गई हैं।



**रायसेन में भी अवैध कॉलोनी निर्माण पर 8 को मिला नोटिस**

नगर एवं ग्राम निवेश अधिनियम 1973 के तहत लेआउट का अनुमोदन नहीं लिया गया। मध्यप्रदेश नगरपालिका कॉलोनी विकास नियम 2021 के तहत रजिस्ट्रीकरण नहीं कराया गया। कॉलोनी विकास की अनुमति नहीं ली गई और भूमि का डायवर्जन नहीं कराया गया। ऐसे 8 कालोनाइजरों पर कार्रवाई करने नोटिस थमाए गए हैं। लेकिन एसडीएम कार्यालय रायसेन को जबाव अभी तक नहीं दिया गया है, जिससे अग्रिम कार्रवाई लंबित है।

**जांच की जाएगी...**

कुछ अवैध कॉलोनाइजरों ने नोटिस का जवाब दिया है। नोटिस के जवाब की जांच की जाएगी। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

- **चंद्रशेखर श्रीवास्तव,** एसडीएम गौहरगंज।

**प्रक्रिया लंबित है...**

शासन की मंशा के मुताबिक 57 अवैध से वैध कॉलोनियों की प्रक्रिया नपा परिषद में लंबित है। यह प्रक्रिया प्रगति पर है। फिर भी कॉलोनाइजरों द्वारा नियम शर्तों का किसी ने भी उल्लंघन किया तो कार्रवाई की जाएगी।

- **मनीष शर्मा,** एसडीएम रायसेन

---

# त्यौहारों में अपराधों पर शिकंजा कसना शुरू, चलाया अभियान

## कॉंबिंग गश्त में 58 फरार अपराधी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

पुलिस महकमें द्वारा त्योहारों से पहले अपराधों पर शिकंजा करने के लिए कांबिंग ग्रस्त अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 58 फरार अपराधियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की गई है। इसके अलावा गुंडे मवालियों, बदमाशों पर भी शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने विशेष अभियान चलाया है। अभी शराब जब्ती और निगरानी शुदा बदमाशों की डिजिटल रिकॉर्डिंग भी की है। जिसके तहत कार्रवाई होना सुनिश्चित है।

अभियान के दौरान आबकारी अपराधों पर भी सख्ती बरती गई। 6 प्रकरण दर्ज कर कुल 192 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। जिसकी अनुमानित कीमत 14,800 रुपए है। कांबिंग गश्त के दौरान संदिग्ध लोगों की पहचान आधुनिक तकनीक 'ई-साक्ष्य' एप के माध्यम से की गई।

एसपी पंकज पांडे ने कहा कि ये अभियान जिले में अपराध नियंत्रण और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक प्रभावी कदम है। उन्होंने बताया कि इस तरह की कॉबिंग गश्त और निगरानी कार्रवाई भविष्य में भी निरंतर चलती रहेंगी।

**अभियान का मुख्य उद्देश्य बदमाशों पर शिकंजा कसना**

*अभियान का उद्देश्य असामाजिक तत्वों पर निगरानी बढ़ाना, फरार आरोपियों को पकडना और शांति व्यवस्था बनाए रखना है। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एसडीओपी, टीआई और पुलिस बल ने एक साथ छापामार कार्रवाई कर संदिग्धों की जांच-पड़ताल की। इस विशेष अभियान में कुल 58 वारंट तामील किए, जिनमें 29 गिरतारी वारंट और 28 स्थायी वारंट शामिल हैं। 2 जिला बदर आरोपियों की चेकिंग की, 53 निगरानी शुदा बदमाशों की जांच की गई। इनमें से 49 को डिजिटल बीट एप में दर्ज किया है।*

जिससे अपराधियों में कानून का भय और नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास बना रहेगा। अवैध शराब जब्ती और निगरानी बदमाशों की डिजिटल रिकॉर्डिंग भी की।

त्यौहारों के मद्देनजर जिले में सुरक्षा और कानून व्यवस्था को मजबूत करने जिले लभर पुलिस ने बुधवार देर रात जिलेभर में विशेष कॉबिंग गश्त अभियान चलाया।

एसपी पंकज पांडेय, एएसपी कमलेश खरपुसे के निर्देशन और एसडीओपी प्रतिभा शर्मा के नेतृत्व में ये कार्रवाई की गई।

---

# यूको बैंक के ग्राहक के खाते से 4 लाख 70 हजार की साइबर ठगी

## पीड़ित ने एसपी से की मामले की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

यूकों बैंक शाखा के एक ग्रामीण खातेदार ओमप्रकाश लोवंशी के खाते से पिछले दिनों में 4 लाख 70 हजार रुपए ठगी का मामला सामने आया है। साइबर ठगी के शिकार हुए व्यक्ति ने एसपी से शिकायत करते हुए ठगों को पकड़ने और राशि वापिस दिलाने की मांग की है।

तहसील के ग्राम बेरखेड़ी निवासी ओमप्रकाश का खाता यूको बैंक में है। अज्ञात व्यक्ति ने उसके नाम से नया सिम कार्ड निकलवा लिया। 15 अगस्त की शाम से उसका सिम बंद हो गया। इसी दौरान उसके बैंक खाते से राशि निकाली जाती रही। 20 अगस्त को ओमप्रकाश ने बैंक जाकर लेनदेन की जानकारी मांगी तब पता चला कि खाते से 4 लाख 70 हजार रुपए निकल गए। पीड़ित ओमप्रकाश ने बताया कि उसके नाम से आरोपियों ने सिम निकाल कर मेरे साथ ठगी की है। मामले की शिकायत एसपी रायसेन से की है और ठगों को गिरफ्तार कर राशि दिलाने की मांग की है।

**खातेदारों में बना भय**

*नगर में एक दर्जन से अधिक बैंको जिनमें हजारों खाते किसानों ग्रामीणों के है। पूर्व में भी बैंको के भीतर बाहर रू. चोरी होने की घटनाए हो चुकी है। अनेक सायबर ठगी के मामले भी सामने आ चुके है। हाल ही में यूकों बैंक में जिस प्रकार ग्राहक के खाते से फर्जी सिमकार्ड अज्ञात द्वारा बनवा कर 4 लाख 70 हजार की ठगी हुई है। उससे ग्रामीण क्षेत्र के बैंक खातेदारों में अज्ञात सा भय का माहौल बन रहा है। उनके साथ भी ऐसी कोई अनहोनी घटना न हो जाए।*

---

दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी को आईडी देना पड़ गया भारी

# नपं. कर्मचारी ने मित्र को दे दी केवाईसी आईडी, 150 समग्र आईडी कर दी डिलीट

## पीआईसी की बैठक में निर्णय, लापरवाही बरतने वाले दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी की सेवा समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

फॉलोअप

पिछले दिनों नपं. के वार्ड 05 में 150 से अधिक परिवारों की समग्र आईडी डिलीट हो जाने से 28 लाड़ली बहिनें अगस्त माह की राशि से वंचित रह गई। विभिन्न स्तर पर प्रभावितों द्वारा ज्ञापन सौंपे गए। मामला गंभीर था, यह तथ्य सामने आया कि नपं. द्वारा अप्रैल माह से परिवारों की ई केवायसी कर आधार लिंग कर समग्र पोर्टल से जोड़ने का कार्य किया जा रहा था। वार्ड नं. 05 के दैनिक वेतन कर्मचारी राघवेन्द्र रघुवंशी ने व्यक्तिगत कारण से काम अपने मित्र को सौंप दिया मित्र ने अधूरी केवायसी वाले नाम हटाने के स्थान पर पूरे परिवारों की समग्र आईडी डिलीट कर दी।




### कर्मचारी की सेवाए समाप्त

एक साथ एक वार्ड में 150 परिवारों की समग्र आईडी समाप्त हो जाने से हडकंप मच गया। वार्ड की 280 से अधिक लाड़ली बहना अगस्त माह की राशि से वंचित रह गई। इसी के साथ उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ मिलना भी बंद हो गया। शुरू से ही उक्त मामले में नपं. के कर्मचारी की गलती लापरवाही की चर्चा बनी थी। नपं. की पीआईसी की बैठक में दैनिक वेतन कर्मचारी राघवेन्द्र रघुवंशी की सेवाए तत्काल समाप्त करने का निर्णय लिया। लाड़ली बहनों को अगस्त माह की राशि नहीं मिली आगे भी एक दो माह राशि और विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित रहने की संभावना है। कि समग्र आईडी पुनः बनने नाम जुड़ने में 45 दिनों से अधिक का समय लग सकता है।

**इनका कहना है**

वार्ड नं. 5 में 150 परिवारों, 280 से अधिक लाड़ली बहना के समग्र आईडी डिलीट होने से योजनाओं का लाभ मिल गया। पीआईसी की बैठक में लापरवाही बरतने वाले दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी राघवेंद्र रघुवंशी की सेवाए समाप्त करने का निर्णय लिया है।

- **हरिशंकर वर्मा,** सीएमओ नपं. बरेली

---



# सांदीपनि स्कूल की डगर नहीं आसान, बीच रास्ते में खड़ी मशीनरी, हादसे का डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला शिक्षा विभाग के नजदीक सांदीपनि हायर सेकेंडरी स्कूल की डगर इन दोनों छात्राओं सहित अन्य लोगों के लिए आसान नहीं है। क्योंकि यहां बिल्डिंग ठेकेदार द्वारा बड़ी-बड़ी मशीनरी और पोकलेन जेसीबी मशीन बीच रोड पर खड़ी करवा दी गई है। स्कूल बिल्डिंग निर्माण कछुआ गति से हो रहा है, जिससे विद्यार्थियों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस एक ही रास्ते पर हाई सेकेंडरी स्कूल सहित सरकारी दफ्तर हैं। यहां जरूरी कामकाज के लिए आमजनों से लेकर छात्राओं को और शिक्षकों को आने-जाने में बड़ी तकलीफ उठानी पड़ रही है।

छात्रों ने ठेकेदार और उनके मैनेजर से शिकायत की तो उन्होंने तबज्जों नहीं दी, जिससे विद्यार्थियों में असंतोष व्याप्त है। गुरुवार को भी दोपहर के वक्त तीन मशीन बीच रास्ते पर खड़ी करके ऑपरेटर गायब रहे। वर्तमान में सांदीपनि हासे स्कूल (सीएम राइज) में तिमाही परीक्षा शुरू हो गई है। जिससे विद्यार्थियों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।




---

# ऋषि पंचमी पर्व : महिलाओं ने सुनी सप्त ऋषियों की कथा, फिर की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर सहित जिलेभर में गुरुवार को ऋषि पंचमी का पर्व महिलाओं द्वारा व्रत रखकर सामूहिक पूजन कर मनाया गया। सुबह से ही महिलाएं व्रत की तैयारी में जुट गई। महिलाओं ने सप्त ऋषियों और अरुंधति माता को पूजा। भादौ महीने के ऋषि पंचमी त्योहार के मौके पर मंदिरों में महिलाओं की भीड़ लगी रही।

पं. राममोहन चतुर्वेदी ने बताया कि महिलाएं, युवतियों द्वारा इस दिन 7 ऋषियों की कथा सुनने और पूजन का विधान है। महिलाएं, युवतियों द्वारा रजस्वला काल के दौरान अनजाने में हुई गलतियों के लिए भी क्षमा याचना के लिए भी यह व्रत रखा जाता है। व्रत के दौरान महिलाएं हल से जोते अनाज का सेवन नहीं करती। वे मोरधन, फलाहार खाकर व्रत का पालन करती हैं। महिलाएं अगरझाड़ा की पत्तियों से दातून कर स्नान करने के बाद पूजन करती हैं।



**सप्त ऋषियों की महिमा का पाठ किया**

*ऋषिपंचमी पर शहर के मंदिरों में भी सप्त ऋषियों का पाठ किया। श्रीहनुमान मंदिर गंजबाजार में पं. दुर्गा प्रसाद शर्मा ने सप्त ऋषियों की महिमा का पाठ किया। इन ऋषियों में कश्यप, अत्रि, भारद्वाज, विश्वामित्र, गौतम, जमदग्नि और वशिष्ठ शामिल हैं। कुछ महिलाओं ने घर पर ही कथा पाठकर पूजन आरती की।*

---

सड़कों और नालों में बह निकला पानी, मौसम में भी घुली ठंडक

# सुबह निकली तेज धूप, दोपहर बाद जमकर बरसे बादल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

गुरुवार को सुबह से काले बादलों ने आसमान पर काले बादलों ने डेरा डाल रखा था, जिससे उमस गर्मी से लोग बैचेन रहे। फिर धूप खिली तो लोग पसीने से तरबतर हो गए। दोपहर बाद शहर में तेज बारिश की परिस्थितियां बनी, गरज चमक के बीच हुई मूसलाधार बारिश से नगर की सड़कें तरबतर हो गई। जोरदार बारिश की झड़ी की वजह से सांची रोड़ पर जिला अस्पताल के सामने, गायत्री मेडिकल की गली में पहली बार सड़क से घुटनों पानी बहता नजर आया।

इसके अलावा जिला अस्पताल में ड्रेनेज सिस्टम खराब होने की वजह से पानी गैलरी में घण्टों भरा रहा। इस कारण लोगों को आने जाने में असुविधा का सामना करना पड़ा। मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएस तोमर के मुताबिक लगातार मौसम बदल रहा है, हालांकि तेज बारिश की संभावना बनी हुई है।

मौसम विभाग ने गरज-चमक के साथ मूसलाधार बारिश और तेज झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार यह स्थिति निम्न दबाव क्षेत्र के कारण बनी है। पिछले कई दिनों से हो रही लगातार बारिश की वजह से जिले की औसत वर्षा का पकोटा पूरा हो चुका है। पिछले साल की मुकाबला यह बहुत अधिक है।

जानकारी के मुताबिक पश्चिम बंगाल के गंगा तटीय इलाके में बना निम्न दबाव का क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है, वहीं मानसून ट्रफ की रेखा की स्थिति भी बदल रही है। इस वजह से मानसून में स्थिरता नहीं आ पा रही है। वहीं चक्रवातीय परिसंचरण सक्रिय बने रहने से, बारिश की संभावना भी बन रही है। इस तरह मौसम भी आंख- मिचौली खेल रहा है।



